

02
इंसान की जगह प्रभू के समक्ष फैलाएं हाथः सुरेंद्र


# आज समाज

www.aajsamaaj.com


04
तीन दिवसीय योग शिविर का अग्रवाल महाविद्यालय (विंग 3) में शुभारंभ




नई दिल्ली, पृष्ठ-04, गुरुवार, 16 फरवरी 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

शक संवत 1944, अमांत-माघ, कृष्ण पक्ष एकादशी, मूल्य, 2.00 रुपए


जीत

### खिलाड़ियों की उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने दी बधाई

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाजी प्रतियोगिता में लहराया परचम

आज समाज नेटवर्क

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के बीए तृतीय वर्ष के छात्र शुभम ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए 9 फ?वरी से 12 फरवरी तक मानव रचना यूनिवर्सिटी फरीदाबाद में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी निशानेबाजी चैंपियनशिप के 25 मीटर पिस्टल राउंड में टीम में कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं बीए द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम बीसला ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स निशानेबाजी प्रतियोगिता में मिक्स टीम में रजत पदक प्राप्त किया। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने दोनों खिलाडियों का महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया तथा शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता।

दोनों खिलाडियों की उपलब्धि पर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने बधाई देते हुए कहा कि कोशिश करने वालों को हमेशा सफलता मिलती है और वे अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करते हैं । उन्होंने आगे कहा कि खिलाडी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर खेल समन्वयक डॉ. केएल कौशिक, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह और मोहित हुड्डा उपस्थित रहे।



अग्रवाल महाविद्यालय में पहुंचनें पर छात्र का स्वागत करते हुए। आज समाज